<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2219

14 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

सेल के संयंत्रों द्वारा कम इस्पात का उत्पादन

2219. श्रीमती रेणुका चौधरीः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि विगत तीन वर्षों में भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड (सेल) के कई संयंत्रों का इस्पात-उत्पादन उनकी संस्थापित क्षमता से बहुत कम रहा है;

(ख) यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में प्रत्येक संयंत्र की संस्थापित क्षमता की तुलना में उनके वास्तविक उत्पादन का ब्यौरा क्या है और उनके खराब निष्पादन के क्या कारण हैं; और

(ग) सेल के संयंत्रों की सम्पूर्ण क्षमता के उपयोग को बाधित करने वाली सभी अड़चनों को दूर करने हेतु सरकार द्वारा क्या-क्या नये आवश्यक कदम उठाए गए हैं?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री विष्णु देव साय)**

(क) और (ख): विगत तीन वर्षों के लिए स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के संयंत्रों में क्रूड इस्पात क्षमता का उपयोग निम्नवत है:

(यूनिटें: 000 टन में)

संयंत्र	वर्ष	क्रूड इस्पात			टिप्पणियां
		क्षमता	वास्तविक	% सी.यू.	
भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी)	2014-15	3925	4807	122	
	2015-16	3925	5058	129	
	2016-17	3925	4737	121	
दुर्गापुर इस्पात संयंत्र (डीएसपी)	2014-15	1802	2063	114	
	2015-16	1802	1975	110	
	2016-17	1802	2042	113	
राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी)	2014-15	1900	2792	147	
	2015-16	3707	2730	74	नई सुविधाओं के स्थिरीकरण के कारण क्षमता उपयोग कम हुआ।
	2016-17	3707	2932	79	

बोकारो इस्पात संयंत्र (बीएसएल)	2014-15	4360	3831	88	ब्लास्ट फर्नेस को मरम्मत के लिए बंद करने के कारण क्षमता उपयोग कम हुआ।
	2015-16	4360	3392	78	
	2016-17	4360	3154	72	
इस्को इस्पात संयंत्र (आईएसपी)	2014-15	500	141	28	पुरानी यूनिटों को धीरे-धीरे हटाया गया।
	2015-16	2500	871	35	नई सुविधाओं के स्थिरीकरण के कारण क्षमता उपयोग कम हुआ।
	2016-17	2500	1397	56	
अलॉय इस्पात संयंत्र (एएसपी)	2014-15	234	104	44	उपलब्ध बाजार ऑर्डर के अनुसार उत्पादन को नियंत्रित किया गया।
	2015-16	234	91	39	
	2016-17	234	88	38	
सेलम इस्पात संयंत्र (एसएसपी)	2014-15	180	125	69	इस क्षमता को सेल की कुल क्षमता में शामिल नहीं किया गया था क्योंकि इसका स्थिरीकरण हो रहा था।
	2015-16	180	120	66	उपलब्ध बाजार ऑर्डर के अनुसार उत्पादन को नियंत्रित किया गया।
	2016-17	180	108	60	
विश्वेश्वरैया लोहा एवं इस्पात संयंत्र (वीआईएसपी)	2014-15	118	46	39	उपलब्ध बाजार ऑर्डर के अनुसार उत्पादन को नियंत्रित किया गया।
	2015-16	118	42	36	
	2016-17	118	39	33	
सेल कुल:	**2014-15**	**12839**	**13908**	**107**	
	2015-16	**16826**	**14279**	**85**	
	2016-17	**16826**	**14496**	**86**	

(ग): सेल के संयंत्रों की संपूर्ण क्षमता का उपयोग करने में बाधा पुहँचाने वाली कठिनाईयों को दूर करने हेतु उठाए गए उपचारात्मक कदमों में नई सुविधाओं से उत्पादन को निरंतर बढ़ाना शामिल है, जिसके परिणामस्वरूप राउरकेला इस्पात संयंत्र और इस्को इस्पात संयंत्र के क्षमता उपयोग में पर्याप्त सुधार हुआ है।

******